Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

आनी कॉलेज ने जीता क्रिकेट खिताब

आनी कॉलेज में क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

आनी (कुल्लू)। आनी में अंतर महाविद्यालय फैकल्टी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। आईक्यूएसी सेल, स्पोर्ट्स क्लब और एंटी ड्रग्स समिति राजकीय महाविद्यालय आनी के संयुक्त तत्वावधान से आयोजन हुआ। इसकी थीम एंटी ड्रग नशा त्यागे खेल खेलें रखी गई।

प्रतियोगिता में पांच महाविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षकों ने भाग लिया। राजकीय महाविद्यालय रामपुर, करसोग, लंबाथाच, रिकांगपिओ और मेजबान आनी कॉलेज के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रो. नरेंद्र पाल ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। प्रतियोगिता का पहला मैच राजकीय महाविद्यालय करसोग और राजकीय

प्रतियोगिता में पांच कॉलेजों के शिक्षकों ने दिखाया दमखम

महाविद्यालय का लंबाथाच के मध्य खेला गया। इसमें लंबाथाच ने करसोग को 55 रन से शिकस्त दी।

दूसरा मैच राजकीय महाविद्यालय रामपुर और राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ के मध्य खेला गया। इसमें रामपुर की टीम ने रिकांगपिओ को 60 रन से हराया।

तीसरा मैच राजकीय महाविद्यालय आनी और राजकीय महाविद्यालय लंबाथाच के मध्य खेला गया। इसमें आनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 114 रन बनाए। लंबाथाच की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन निर्धारित 10 ओवर में 95 रन ही बना पाई। आनी ने मैच जीता और फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में रामपुर कॉलेज ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

city sports

शानदार खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए निर्धारित 10 ओवर में 120 रन का लक्ष्य रखा। जवाबी पारी खेलते हुए आनी कॉलेज के अनिल कुमार ने 19 गेंद में 77 रन बनाए। इसकी बदौलत 8.2 ओवर में ही टीम ने लक्ष्य हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय डॉ. दायक राम ठाकुर ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

Scanned with OKEN Scanner

आनी में अंतर महाविद्यालय फैकल्टी क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते मुख्य अतिथि।

सवेरा न्यूज/चमन शर्मा आनी, : राजकीय महाविद्यालय आनी में एलक्यूएसी सेल, स्पोर्ट्स क्लब व एंटी ड्रग्स समिति के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय अंतर महाविद्यालय फैकल्टी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम 'एंटी ड्रग-नशा त्यागें, खेल खेलें' रही। टूर्नामेंट में राजकीय महाविद्यालय रामपुर, राजकीय महाविद्यालय करसोग, राजकीय महाविद्यालय लंबाथाच, राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ सहित मेजबान टीम ने भाग लिया। पहले मुकाबले में लंबाथाच ने करसोग को 55 रन से हराया, जबकि रामपुर ने रिकांगपिओ को 60 रन से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में रामपुर ने 120 रन बनाए। जवाब में आनी के अनिल कुमार ने 19 गेंदों में 77 रन बनाकर 8.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया और टीम को विजेता बनाया। मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर ने विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित करते हुए खेलों के माध्यम से नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया।

Scanned with OKEN Scanner